**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 18.08.2024**

**विषयः- सर्राफा व्यापारी को गोली मारकर भागने वाले अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल, मौके से घटना में प्रयुक्त वाहन व तमन्चा बरामद।**

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा प्रदेश में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध जोरी टालरेन्स की नीति के सापेक्ष आदेश एवं श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा जनपद में शान्ति व्यवस्था एवं सुरक्षा कायम रखने हेतु अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में 16.08.234 को थाना क्षेत्र चितईपुर में सर्राफा व्यापारी को गोली मारकर फरार होने वाले अपराधियों की तलाश के क्रम में दिनांक 17.08.2024 को थाना लंका, चितईपुर पुलिस व काशी जोन एसओजी टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस मुठभेड़ में बाइक सवार 02 नफर अभियुक्तों को सर्विस लेन डाफी टोल प्लाजा के निकट से गिरफ्तार किया गया। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना विवरणः-**

दिनांक 16.08.2024 को आवेदक/मजरूब मनोज कुमार सेठ पुत्र श्री मोहन लाल सेठ निवासी चिडैयावीर नारायणपुर डाफी थाना लंका, कमि0 वाराणसी द्वारा थाना चितईपुर, कमि0 वाराणसी पर शिकायती प्रार्थना पत्र बावत दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों द्वारा महामनापुरी से करौंदी ITI मार्ग पर पीछे से आकर आवेदक को जान से मारने की नीयत से गोली चलाना जिससे एक गोली आवेदक के कंधे तथा दूसरी गोली बाजू पर लगने के सम्बन्ध में प्रस्तुत किया। जिसके आधार पर थाना चितईपुर पर मु0अ0सं0 0146/2024 धारा 109(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा अपराधियों को चिन्हित कर शीघ्रातीशीघ्र गिरफ्तार किये जाने हेतु थाना चितईपुर, थाना लंका व एसओजी, काशी जोन की संयुक्त टीम गठित करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की छानबीन व लोगों से पूछताछ के आधार पर बाइक सवार अभियुक्तों की तलाश प्रारम्भ की गयी।

दिनांक 17.08.2024 को गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्र लंका व चितईपुर के मुख्य मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए डाफी टोल प्लाजा के निकट सर्विस लेन के पास बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया कि बाइक सवार व्यक्ति पिस्टल लहराते हुए सर्विस लेन की तरफ भागे जहाँ रोड पर पड़ी बजरी के कारण अनियंत्रित होकर गिर पड़े तथा उठकर जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर एकाएक फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया जाने लगा कि जवाबी फायरिंग करते हुए दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ विवरण-**

अभियुक्तगण पूछताछ पर बता रहे हैं कि हम लोग कई दिनों से सर्राफा व्यापारी की रेकी कर रहे थे, लूट के उद्देश्य से दिनांक 16.08.2024 को सर्राफा व्यापारी के ऊपर लूट करने के उद्देश्य से फायरिंग किये थे। लेकिन अपने उद्देश्य में सफल नही हुए फिर फायरिंग के बाद से ही छिप गए थे तथा मौका देखकर शहर से भागने की फिराक में थे। हाइवे पर चेकिंग होते देख हम लोग बजबजा लिंक रोड से सर्विस लेन पकड़ लिए लेकिन लौटूबीर पुलिया के पास भी पुलिस बल द्वारा चेकिंग की जा रही थी। पकड़े जाने के डर से आप लोगों को देखते ही हम लोग तेजी से गाड़ी चलाते हुए भागने लगे कि रोड पर बजरी पड़ी होने के कारण हमारी गाड़ी फिसल गयी और हम लोग गिर पड़े साहब आप लोगों को पास आता देख हमने फायरिंग करना शुरु कर दिया ताकि आप लोग डर के हट जाऐं और हम लोग मौके से भाग निकलें लेकिन आप लोगों की जवाबी फायरिंग में हम लोगों को गोली लग गयी जिससे हम लोग घायल हो गए और मौके से पकड़े गए।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-**

1. चन्दन सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी पंचदेउरा थाना सैंय्यदराजा जनपद चन्दौली उम्र करीब 26 वर्ष।
2. अंशू खरवार पुत्र जंगबहादुर निवासी ग्राम डोमरी थाना सहाबगंज जनपद चन्दौली हाल पता ग्राम पंचदेउरा थाना सैय्यदराजा जनपद चन्दौली उम्र करीब 19 वर्ष।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान-** दिनांक गिरफ्तारी 17.08.2024 को सर्विस लेन डाफी टोल प्लाजा के पास, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण -**

1. मु0अ0सं0 0146/2024 धारा 109(1) बीएनएस थाना चितईपुर, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0स0 0312/2024 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0स0 0313/2024 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

**बरामदगी विवरण-**

1. **अभियुक्त अंशु खरवार के पास से** 01 अदद पिस्टल नाजायज 9 MM व 1 अदद खोखा कारतूस 9 MM व 4 अदद जिन्दा कारतूस 9 MM व 190 रुपया नकद बरामद।
2. **अभियुक्त चन्दन सिंह के पास से** 01 अदद पिस्टल नाजायज बिना मार्का 7.65 बोर व 1 अदद जिंदा कारतूस मार्का 7.65 केएफ व 560 रुपया नकद बरामद।
3. एक अदद मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स रंग काला।
4. जामा तलाशी से दो अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन क्रमशः ओप्पो व वीवो कम्पनी के बरामद।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र, थाना चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 पंकज कुमार पाण्डेय, चौकी प्रभारी चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 पीयूष कुमार, एसओजी टीम, काशी जोन, कमि0 वाराणसी।
5. उ0नि0 शैलेन्द्र सिंह, एसओजी टीम, काशी जोन, कमि0 वाराणसी।
6. उ0नि0 शिवस्वरूप पाण्डेय, थाना चितईपुर, कमि0 वाराणसी।

7. का0 अमित कुमार शुक्ला, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 ईश्वर चन्द जायसवाल, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 सूरज सिंह , थाना चितईपुर, कमि0 वाराणसी।
10. का0 कमल किशोर, थाना चितईपुर, कमि0 वाराणसी।
11. हे0का0 राकेश सिंह, थाना चितईपुर, कमि0 वाराणसी।
12. हे0का0 रविन्द्र सिंह , एसओजी टीम, काशी जोन, कमि0 वाराणसी।
13. का0 अखिलेश पटेल, एसओजी टीम, काशी जोन, कमि0 वाराणसी।
14. का0 शैलेन्द्र सिंह, एसओजी टीम, काशी जोन, कमि0 वाराणसी।
15. का0 मयंक भूषण, एसओजी टीम, काशी जोन, कमि0 वाराणसी।
16. का0 गौरव भारती , एसओजी टीम, काशी जोन, कमि0 वाराणसी।
17. का0 सुमित शाही, एसओजी टीम, काशी जोन, कमि0 वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त, जोन काशी**
**कमिश्नरेट वाराणसी**